‘‘कंठस्थ’’ अनुवाद टूल पर तीन दिवसीय राजभाषा हिन्दी प्रशिक्षण कार्यशाला

राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार हेतु भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद तथा भा.वा.अ.शि.प. वन अनुसंधान संस्थान के सौजन्य से आज दिनांक 27.05.2024 को सूचना प्रौद्योगिकी एवं जी.आई.एस. शाखा के कंप्यूटर लैब में ‘‘कंठस्थ’’ अनुवाद टूल पर तीन दिवसीय राजभाषा हिन्दी प्रशिक्षण कार्यशाला के उदघाटन सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला दिनांक 27.05.2024 से 29.05.2024 तक संचालित रहेगी। इस कार्यशाला में भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद और वन अनुसंधान संस्थान के 39 कार्मिकों ने भाग ले रहे हैं। कार्यशाला के उदघाटन सत्र में श्री आर. आनंद, कुलसचिव, वन अनुसंधान संस्थान ने प्रतिभागियों को अनुवाद की आवश्यकता पर ज़ोर देते हुए सभी को अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. गीता जोशी, सहायक महानिदेशक (मीडिया एवं विस्तार) ने अपने सम्बोधन में कहा कि परिषद के अंतर्गत संस्थानों में राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार में अनेक कार्य किए जाते हैं। इससे पूर्व ‘‘कंठस्थ’’ विषय पर नई दिल्ली में एक कार्यशाला आयोजित की गई थी जिसको सभी ने सराहा था। इसी क्रम में ज्यादा से ज्यादा लोगों को कंठस्थ के बारे में अवगत कराने के लिए यह कार्यशाला आयोजित की जा रही है। उन्होंने सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और आशा व्यक्त किया कि कार्यशाला से सभी अवश्य लाभान्वित होंगे। कार्यशाला का संचालन करते हुए श्री शंकर शर्मा, सहायक निदेशक (राजभाषा) ने कंठस्थ अनुवाद टूल से सबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान की एवं इसकी उपयोगिता से सभी को अवगत कराया। इसके अतिरिक्त सभी को कंठस्थ व्यवहारिक पक्षों के बारे में भी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

कार्यशाला की कुछ झलकियां

राजभाषा हिंदी प्रशिक्षण कार्यशाला
Rajbhasha Hindi Training Workshop
विषय /Sub: कंठस्थ अनुवाद टूल /Kanthasth Translation Tool
दिनांक /Date: 27-29 मई, 2024
संयुक्त आयोजक /Joint Organizer
भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून
Indian Council of Forestry & Education Council, Dehradun
एवं /&
भा.वा.अ.शि.प. – वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून
ICFRE-Forest Research Institute, Dehradun